वर्ष- 3 , अंक- 14
छपरा
5 दिसंबर शुक्रवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

संसद के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन

# मौसम का मज़ा लीजिए: संसद परिसर में प्रदूषण के खिलाफ विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन

## विपक्षी सांसदो ने की दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने की ठोस योजना की मांग, कहा- स्थिति बेहद गंभीर




**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने गुरुवार को केंद्र सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर घेरने का काम किया। सुबह के समय विपक्ष के अनेक सांसद न केवल मास्क लगाकर संसद पहुंचे, बल्कि शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश भी की। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि प्रदूषण पर सबकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और एक योजना बनाकर प्रदूषण से निपटने की योजना बनानी चाहिए।

शून्यकाल में राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि डॉक्टर लोगों से कह रहे हैं कि यदि लोग खर्च उठा सकते हैं तो दिवाली के बाद उन्हें दिल्ली छोड़ देना चाहिए। लेकिन क्या रेहड़ी-पटरी वाले, कमजोर आय वाले लोग यह खर्च उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 2.75 करोड़ लोग दिल्ली नहीं छोड़ सकते। उन्होंने कहा कि हवा को प्रकृति हमें मुफ्त उपलब्ध कराती है, लेकिन हमने इसे प्रदूषित कर दिया है। सड़क पर काम करने वाले मजदूर (प्रदूषण के मानक में) एक हजार के अंक के गंभीर प्रदूषण की स्थिति में काम कर रहे हैं। इससे उन्हें बेहद गंभीर परेशानियां हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक गंभीर मुद्दा है और इसके लिए यहां (संसद में) बैठा हुआ हर व्यक्ति दोषी है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे खिलाड़ी रही हैं। सुबह जॉगिंग करना चाहती हैं, लेकिन दिल्ली की प्रदूषित हवा इसकी अनुमति नहीं देती है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चिंता है क्योंकि वे भी 75 वर्ष के हो चुके हैं। लेकिन दिल्ली के सभी बच्चों-बुजुर्गों की चिंता की जानी चाहिए।

### कैसे कम होगा मानव-वन्यजीवों का संघर्ष

रंजीत रंजन ने कहा कि वन्य जीवों का अधिकार छीना जा रहा है। हम लोग लगातार उनके घर यानी जंगलों में प्रवेश करते जा रहे हैं। ऐसे में मनुष्यों का वन्यजीवों से संघर्ष कम कैसे होगा। उन्होंने कहा कि मानव को कोई नुकसान होने पर उसे मुआवजा देने की बात कही जाती है। लेकिन क्या ऐसी कोई चिंता वन्य जीवों को नुकसान होने के बाद की जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। उनमें लाखों की संख्या में अनेक वन्यजीव रहते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार के पास इन वन्य जीवों को कहीं स्थानांतरित करने और उन्हें घर देने की कोई योजना है। उन्होंने कहा कि यह जानकारी देनी चाहिए कि वन्यजीवों का घर छीनने के बाद कितने वन्य जीवों की मौत हुई है।

संसद में गडकरी का दावा

# सालभर में खत्म हो जाएंगे टोल बूथ, पायलट प्रोजेक्ट शुरू






**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को बताया कि अगले एक साल में हाइवे पर मौजूदा टोल वसूली सिस्टम खत्म हो जाएगा। उसकी जगह पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक, बैरियर-लेस टोल सिस्टम लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नए सिस्टम की शुरुआत फिलहाल 10 जगह की जा चुकी है और इसे एक साल के भीतर पूरे देश में लागू करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में करीब 4,500 हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 10 लाख करोड़ रुपये है। पहले टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रुककर नकद या कार्ड से भुगतान करना पड़ता था, बाद में FASTag आया तो रुकने का समय घटा, अब अगला कदम बैरियर-लेस यानी बिना बैरियर वाले हाईटेक टोल की तरफ है।

### बैरियर लैस टोल कैसे काम करेगा

सरकार अब FASTag के साथ ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) जैसी तकनीक जोड़कर बैरियर लैस टोलिंग लागू कर रही है, ताकि गाड़ियों को टोल के लिए रुकना ही न पड़े। ANPR कैमरे गाड़ी की नंबर प्लेट पहचानते हैं और FASTag रीडर टैग पढ़कर टोल की रकम वसूल कर लेते हैं। पूरी प्रक्रिया कुछ सेकेंड में अपने आप हो जाती है। इस सिस्टम के तहत टोल प्लाजा पर भारी बैरियर, लंबी कतारें और कैश देने की मजबूरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। जिन वाहनों के पास वैध FASTag नहीं होगा या जो नियम तोड़ेंगे, उन्हें ई-नोटिस और जुर्माने जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, जैसे FASTag सस्पेंड करना या VAHAN डेटा पर पेनल्टी लगाना।

## अजमेर दरगाह को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई मेल, नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु



**अजमेर,एजेंसी।** शहर में आज दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला कलेक्टर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर अजमेर दरगाह और कलेक्ट्रेट परिसर में बम लगाए जाने की धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। मेल में दावा किया गया था कि अजमेर कलेक्टर कार्यालय और दरगाह गरीब नवाज में 4 RDX IED लगाए गए हैं, जो पुतिन के यहां आते ही विस्फोट करेंगे। इस मेल के सामने आते ही जिला प्रशासन, अजमेर पुलिस, बम निरोधक दस्ता और इंटेलिजेंस एजेंसियां तत्काल हरकत में आ गईं और शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

**दरगाह परिसर को खाली कराया**-सूचना मिलते ही सबसे पहले दरगाह शरीफ परिसर को तुरंत खाली कराया गया। दोपहर करीब 1 बजे से जायरीनों का प्रवेश बंद कर दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने दरगाह के हर हिस्से की घेराबंदी कर मेटल डिटेक्टर, डॉग स्क्वाड और बम डिस्पोजल टीम की मदद से सघन तलाशी शुरू की। इस दौरान दरगाह के चप्पे-चप्पे को खंगाला गया। लगभग ढाई घंटे तक चले तलाशी अभियान में कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## स्टाफ की कमी से इंडिगो की 300 फ्लाइट्स कैंसिल

### जयपुर, इंदौर, दिल्ली में हजारों यात्री परेशान

**दिल्ली,एजेंसी।** एविशन सेक्टर के नए सुरक्षा नियमों की वजह से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो लगातार तीसरे दिन क्रू की कमी से जूझ रही है। इससे इंडिगो के ऑपरेशन पर बुरा असर पड़ा है। न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली, मुंबई सहित 10 से ज्यादा एयरपोर्ट में इंडिगो की 300 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। पुणे एयरपोर्ट पर एक पैसेंजर ने बताया कि आठ घंटे से ज्यादा का इंतजार करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट के दोनों फ्लोर यात्रियों से भरे हैं। तीन पैसेंजर्स बेहोश भी हो गए। एयरलाइन की तरफ से फ्लाइट कैंसिलेशन का कोई मैसेज भी नहीं आ रहा है।

सावरकर मानहानि केस- राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई

# पुणे कोर्ट ने कहा- राहुल उस समन आदेश पर कमेंट न करें जिसे उन्होंने चैलेंज नहीं किया



**पुणे,एजेंसी।** पुणे की MP/MLA स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ वीर सावरकर के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि केस की सुनवाई की। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राहुल ऐसे किसी आदेश पर कमेंट नहीं कर सकते जिसे उन्होंने ऊपरी अदालत में चैलेंज नहीं किया है।

स्पेशल जज अमोल एस शिंदे ने कहा कि यदि राहुल गांधी को समन आदेश पर आपत्ति है तो उन्हें इसे ऊपरी अदालत में चुनौती देनी चाहिए। राहुल गांधी की ओर से वकील मिलिंद पवार ने समन जारी करने संबंधी पुराने आदेश पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अर्जी दी। इसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने 2023 में जो समन का आदेश लिया था, वह पक्के सबूतों के बिना और दबाव बनाकर जल्दबाजी में हासिल किया गया था।सत्यकी सावरकर की तरफ से एडवोकेट संग्राम कोल्हटकर ने आरोपों पर आपत्ति लेते हुए कहा कि समन जारी करने का आदेश कोर्ट के पूर्व जज ने सभी सबूतों की जांच करने के बाद दिया था।

सुप्रीम कोर्ट का राज्य सरकारों को निर्देश

# बीएलओ के काम के घंटे घटाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात करें




**नई दिल्ली,एजेंसी।** 12 राज्यों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) पर जबरदस्त दबाव पड़ा है। इन स्थितियों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब राज्य सरकारों के लिए निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि बीएलओ के काम के घंटे कम करने के लिए राज्य सरकारें अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी आदेश दिया कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग की ओर से जारी एसआईआर प्रक्रिया में ड्यूटी से छूट के लिए सही और स्पष्ट वजहें दी हों, उनके अनुरोधों पर राज्य सरकार और सक्षम प्राधिकारी विचार करें और मामलों के आधार पर उन लोगों की जगह दूसरे कर्मियों की तैनाती की जाए।

सीजेआई ने कहा, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि अगर जरूरत है तो वह इस काम के लिए जरूरी कार्यबल मुहैया कराए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी- तमिलगा वेत्री कझगम की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पार्टी ने बीएलओ के तौर पर अपनी ड्यूटी ठीक ढंग से न निभा पाने वाले लोगों के खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से की जा रही कार्रवाई को चुनौती दी थी।

### एसआईआर को लेकर ममता बनर्जी ने फिर केंद्र पर बोला हमला

## ममता बोली बंगाल में न डिटेंशन कैंप बनेगा और न एनआरसी लागू होने दिया जाएगा

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच ममता बनर्जी ने एसआईआर से जुड़े मुद्दे पर केंद्र सरकार को फिर घेरा। उन्होंने लोगों से कहा कि वे डरें नहीं और सभी आवश्यक कागज जमा करें। उन्होंने दोहराया कि बंगाल में न डिटेंशन कैंप बनेगा और न एनआरसी लागू होने दिया जाएगा। वह गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करने पहुंचीं। उन्होंने साफ कहा कि मुर्शिदाबाद के लोग हिंसा और उकसावे की राजनीति पसंद नहीं करते। भाषण की शुरुआत में ही ममता बनर्जी ने कहा कि इस जिले के लोग हिंसा से हमेशा दूरी रखते आए हैं। उन्होंने बताया कि धुलियन में एक घटना के बाद वह खुद पहुंची थीं और जंगीपुर में संभावित तनाव को भी उन्होंने फोन कर शांत कराया था। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी धर्मों के बीच मेलजोल सिखाता है और यही बंगाल की पहचान है।

भारत पहुंचे पुतिन

# अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करके खुश हूं, पीएम मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट

## पीएम ने एयरपोर्ट पर रिसीव किया, पीएम आवास पर साथ में डिनर किया





**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव किया। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले लगाया। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा है। पीएम मोदी ने गुरूवार रात उनके सम्मान में एक प्राइवेट डिनर की मेजबानी की। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके थे। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल थे।

इस यात्रा का मुख्य आकर्षण शुक्रवार (आज) को होने वाला 23वां भारत-रूस सालाना समिट है। इसमें पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन रक्षा सहयोग, ऊर्जा साझेदारी, व्यापार विस्तार और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। दोनों देशों के बीच 2030 तक आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम पर हस्ताक्षर की भी तैयारी है। बैठक के बाद दोनों नेता संयुक्त बयान जारी करेंगे।

### आज पुतिन का व्यस्त कार्यक्रम

सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में उनका सेरेमोनियल रिसेप्शन होगा। इसके बाद वे राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ उच्च-स्तरीय वार्ता का दौर चलेगा। दोपहर बाद दोनों नेता भारत-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगे, जहां व्यापार और निवेश बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

# ओडिशा में महिलाएं रात में दुकानों पर काम कर सकेंगी, लिखित परमिशन देनी होगी

## कॉमर्शियल जगहों पर काम करने के घंटे 9 से 10 किए





**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा विधानसभा ने बुधवार को ओडिशा शॉप्स एंड कॉमर्शियल एस्टेब्लिशमेंट्स बिल 2025 पास किया। अब महिला कर्मचारी ऐसी दुकानों और कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों में नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी। नए बिल में सरकार ने काम के घंटे 9 से बढ़ाकर 10 घंटे किए हैं।

राज्य के लेबर मिनिस्टर गणेश राम सिंहखुंटिया ने कहा कि यह बदलाव छोटे बिजनेस के लिए फायदेमंद साबित होंगे। बिल पास होने के दौरान BJD और कांग्रेस ने विरोध करते हुए सदन से वॉकआउट किया।

नए बिल लागू **के होने के बाद ये बदलाव होंगे :** ओडिशा शॉप्स एंड कॉमर्शियल एस्टेब्लिशमेंट्स बिल 2025 में रोजाना काम की समय-सीमा बढ़ाकर 10 घंटे की गई है, लेकिन हफ्ते में काम करने के घंटे 48 घंटे ही रखे गए हैं।

वहीं, ओवरटाइम की लिमिट भी बढ़ाई गई है। पहले कर्मचारी तीन महीने में 50 घंटे ओवरटाइम कर सकते थे, अब 144 घंटे कर सकेंगे। ओवरटाइम वेतन हमेशा की तरह सामान्य वेतन की डबल रहेगा। महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी। इसके लिए उन्हें लिखित सहमति देनी होगी। एम्प्लॉयर ऐसी महिला कर्मचारियों के आने-जाने की व्यवस्था करेगी। उन्हें सिक्योरिटी देगा।

20 से कम कर्मचारियों वाले दुकानों को पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं से छूट दी गई है। इससे छोटे दुकानदारों का नियमों का बोझ कम होगा।

उत्तराखंड में 7 साल के बच्चे पर अवतरित हुए भगवान:

# लोग बोले- ये पांडवों की कृपा, बच्चा बोला- मुझे कुछ याद नहीं, अपने आप पैर हिलने लगे





**रुद्रप्रयाग,एजेंसी।** रुद्रप्रयाग जिले में इन दिनों पांडव लीला की जबरदस्त रौनक है। इसी दौरान एक ऐसी घटना हुई, जिसे गांव वाले किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे। यह घटना भले ही रविवार की है, लेकिन इसका वीडियो अब सामने आया है।

वीडियो में दिखता है कि पांडव पश्वाओं ( जिन लोगों पर पांडव अवतरित होते हैं) के नृत्य के बीच अचानक सात साल का बच्चा आर्यन भीड़ को चीरते हुए चौक (घर का आंगन) में आ जाता है। जैसे ही वह बीच में पहुंचता है, उसकी चाल-ढाल बदल जाती है और वह बिल्कुल भीमसेन की मुद्रा में ढोल-दमाऊं की थाप पर नाचने लगता है।

आर्यन के कदम, उसके चेहरे के भाव और उसके अंदर एक अलग ही ताकत दिखी, उसे देखकर लोग दंग रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी छोटी उम्र में किसी बच्चे पर देवता का आना बेहद दुर्लभ बात है। गांव के बुजुर्ग इसे पांडव देवताओं की खास कृपा बताते हैं और कहते हैं कि ऐसा नजारा कई सालों बाद देखने को मिला है। वहीं, इस पूरी घटना पर आर्यन का कहना है कि उसे कुछ नहीं पता की वह कैसे नाचने लगा। वह कहता है कि उसके पैर अपने आप ही हिलने लगे।

**खेलते-खेलते चौक पहुंचा आर्यन बोला- मुझे पता नहीं चला :** अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बैंजी-काण्डई में चल रहे पांडव नृत्य में रविवार रात सात साल के आर्यन पर अचानक भीमसेन अवतरित हो गए। आर्यन ने बताया कि वह दोस्तों के साथ गांव में खेल रहा था। तभी ढोल-दमाऊं की आवाज सुनकर उसका मन आयोजन स्थल की ओर खिंच गया। जैसे ही वह चौक के बीच पहुंचा, उसे लगा कि उसके भीतर अचानक कोई बहुत बड़ी शक्ति प्रवेश कर गई है। शरीर अपने-आप थाप पकड़ने लगा।

आर्यन कहता है कि उसे याद भी नहीं है कि वह कैसे नाचा। बस इतना महसूस हुआ कि कोई अदृश्य शक्ति उसके शरीर को थामे हुई है। गांववालों के चेहरों पर खुशी देख उसके मन में एक साथ डर और उत्साह दोनों भाव आ गए।

### केदारघाटी में पांडव नृत्य की रौनक, प्रवासी और ब्याही बेटियों भी लौटीं

इन दिनों केदारघाटी, रुद्रप्रयाग और आसपास के कई गांवों में पांडव नृत्य और पांडव लीला की धूम है। पण्डवांडी की पवित्र थाप, नौबत की ध्वनि और पश्वाओं की भाव-समाधि से गांवों में पर्व जैसा माहौल है। इन आयोजनों के लिए बड़ी संख्या में प्रवासी लोग भी गांव लौट रहे हैं। ब्याही गई धियाड़ियां (ब्याही बेटियां) मायके पहुंच रही हैं और गांवों की चौपालें एक बार फिर लोकधुनों से भर गई हैं। ग्रामीण मानते हैं कि इन आयोजनों से गांव की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और पारंपरिक पहचान को नई ऊर्जा मिलती है।

# भोजपुर में तस्कर गिरफ्तार, 5 गोल्ड बिस्किट बरामद:डेढ़ लाख कैश भी मिला

## नेपाल से खरीदकर लाया था; रक्सौल बॉर्डर से बिहार में घुसा था

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने नेपाल से संचालित सोना तस्करी के एक नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने नेटवर्क से जुड़े एक तस्कर को आरा शहर के करमन टोला से गिरफ्तार किया है। पांच सोने का बिस्किट, डेढ़ लाख रुपए कैश और मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बरामद सोने का कुल वजन 500 ग्राम है। बाजार कीमत 60 लाख रुपए है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर निवासी रामनरेश पांडेय के तौर पर हुई है। जो वर्तमान में अपने ससुराल गीधा इलाके कायमनगर में रह रहा था। दरोगा अविनाश कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में गोपाली चौक स्थित एक बड़े आभूषण दुकान के मालिक मुन्ना को भी सह आरोपी बनाया गया है। पुलिस को शक है कि ज्वेलर्स पिछले काफी समय से नेपाल से लाए गए सोने की अवैध खरीद-बिक्री में शामिल रहे हैं।



**चोरी-छिपे रक्सौल सीमा से बिहार में घुसा था :** एसपी राज ने बताया कि नवादा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि करमन टोला स्थित पेट्रोल पंप के पास पूर्व दिशा की गली में एक संदिग्ध व्यक्ति सोने की तस्करी के इरादे से मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काले रंग का हाफ जैकेट पहने संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी के दौरान जेब से सिल्वर रंग के कागज में लिपटे 100-100 ग्राम के पांच सोने के बिस्किट बरामद हुए, जिन पर सीरियल नंबर अंकित थे। अलग-अलग जेबों से करीब डेढ़ लाख रुपए नकद भी मिले।

कड़ी पूछताछ में तस्कर ने स्वीकार किया कि वह 29 नवंबर 2025 को नेपाल के वीरगंज गया था। वहीं से सोना खरीदा था। इसके बाद वह चोरी-छिपे रक्सौल सीमा पार कर बिहार में प्रवेश किया। बस से पटना होते हुए सीधे अपने ससुराल कायमनगर पहुंचा। आभूषण दुकान मालिक मुन्ना ने ही उसे सोना आरा लाकर बेचने के लिए कहा था। पुलिस जब करमन टोला पहुंची, उसी दौरान सौदेबाजी के लिए तस्कर वहां पहुंचा था।

पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि आरोपी पहले भी नेपाल से सोना तस्करी कर आरा लाता रहा है और हर बार उसी दुकान पर सोना बेचा करता था। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान कर रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। विदेशी सोने को चोरी-छिपे देश में लाना और उसकी अवैध खरीद-बिक्री करना गंभीर अपराध है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई के बाद जिले में सक्रिय तस्करी नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ेगा और आगे भी ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

## भोजपुर में चलती बाइक से नीचे गिरी बुजुर्ग महिला

**आरा(भोजपुर)एजेंसी।** भोजपुर में चलती बाइक से नीचे गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पोते के साथ बाजार जा रही थी। मृतका लक्ष्मीना कुंअर(70) बिलौटी सरैया गांव की रहने वाली थी। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी-शाहपुर गांव के बीच की है। मृतका के बेटे रामजी तुरहा ने बताया कि पोते अखिलेश कुमार के साथ बाइक से शाहपुर बाजार जा रही थी। रास्ते में बैलेंस बिगड़ने से नीचे सड़क पर गिर गई। गंभीर हालत में शाहपुर रेफरल अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम:** परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार में तीन बेटी पूनम देवी, अनीता देवी , संगीता देवी और दो पुत्र रामजी तुरहा, कृष्णा तुरहा है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पटना में मवेशी बांधने के विवाद में फायरिंग



**बाढ़, पटना,एजेंसी।** पटना के बख्तियारपुर प्रखंड के माधोपुर गांव में मवेशी बांधने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। बुधवार शाम को हुई फायरिंग में दो युवक गोली लगने से घायल हो गए। घायलों की पहचान अनिल यादव के बेटों आकाश और आरवी कुमार के रूप में हुई है।

**सुबह हुआ था विवाद, शाम को चली गोली :** सूत्रों के अनुसार, सुबह मवेशी बांधने को लेकर सोनेलाल यादव और उनके तीन पुत्रों तथा अनिल यादव और उनके बेटों के बीच तीखी बहस हुई थी। यह मामूली विवाद शाम तक बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान फायरिंग हुई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को बख्तियारपुर पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए PMCH रेफर कर दिया गया है।

**आरोपी सूरज यादव ने की फायरिंग- SDPO :** एसडीपीओ-2 आयुष श्रीवास्तव ने बताया, फायरिंग करने वाला युवक सोनेलाल यादव का बेटा सूरज है, जिसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह करीब 6 महीने पहले ही जेल से रिहा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, सुबह हुए विवाद का समझौता भी हो गया था, लेकिन शाम को फिर तनाव बढ़ा और घटना हो गई। गांव में तनाव का माहौल है। सोमवार को भी एक पुराने विवाद को लेकर कई राउंड फायरिंग हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। लगातार हो रही गोलीबारी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## सुपौल में बाइक-कार की टक्कर वार्ड सदस्य पति की मौत

**सुपौल,एजेंसी।** सुपौल के राघोपुर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। एनएच-106 पर स्थित गनपतगंज के पास केएन डिग्री कॉलेज के नजदीक एक तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता के बावजूद एक घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान देवीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 5 की सदस्य सुभद्रा देवी के पति ब्रह्मदेव राम के रूप में हुई है। हादसे के समय वे बाइक से राघोपुर की ओर जा रहे थे। वहीं, दूसरे घायल की पहचान देवीपुर पंचायत के मुखिया रामचंद्र यादव के नाती संतोष पाण्डेय के रूप में की गई है।

**टक्कर के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी तेज थी, जिससे टक्कर अत्यंत भीषण हो गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवार सड़क पर दूर तक छिटक गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायलों को राघोपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सुपौल सदर अस्पताल ले जाने के दौरान ब्रह्मदेव राम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जिससे पूरे देवीपुर पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल संतोष पाण्डेय को बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज (DMCH) रेफर किया गया है, जहाँ उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

**हादसे के बाद कार चालक घटनास्थल से फरार :** हादसे के बाद कार चालक घटनास्थल से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने वाहन का नंबर नोट कर पुलिस को जानकारी दी है। राघोपुर थानाध्यक्ष अमित ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और वाहन तथा चालक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी जांच के साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी लिए जा रहे हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चालक की मौत, चार मवेशियों ने दबकर तोड़ा दम

**सुपौल ,एजेंसी।** सुपौल के भपटियाही थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। भपटियाही चौक के समीप मवेशी लदी एक पिकअप वैन को पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप बेकाबू होकर सड़क किनारे लगभग 30 फीट गहरी खाई में जा पलटी। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप के चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि वाहन में लदी चार भैंसें भी दबकर मर गईं। मोतिहारी से पूर्णिया की ओर जा रही पिकअप वैन भपटियाही चौक पर रुकी हुई थी। उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे कंटेनर ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

## हथियार लहराने वाला युवक तीन जिंदा कारतूस के साथ अरेस्ट

### सुपौल में सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल, पहले से भी दर्ज हैं मामले



**सुपौल,एजेंसी।** सुपौल में सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए युवक का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विनोद कुमार यादव, पिता राम नारायण यादव, निवासी खरैल पुनर्वास वार्ड संख्या 16, थाना सुपौल को अरेस्ट कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वीडियो वायरल होते ही जिला आसूचना इकाई एवं सदर थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार को सत्यापन व कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**कोशी रोड के पास पुलिस ने विनोद को धर दबोचा :** सत्यापन के बाद युवक की पहचान की पुष्टि की गई। इसके बाद थानाध्यक्ष सुपौल एवं पुलिस टीम ने आसूचना के आधार पर कुम्हरा चौक, वार्ड संख्या 13 कोशी रोड के पास से एक सफेद रंग की कार से विनोद को हिरासत में लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से तीन जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में विनोद ने बताया कि वह अपने दोस्त से मिलने वहां आया था, हालांकि बरामद कारतूस के संबंध में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

**आरोपी के विरुद्ध पहले से दर्ज हैं आपराधिक मामले :** मामले में सुपौल थाना में कांड दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट के दो मामले शामिल हैं।

वह सुपौल थाना कांड संख्या 377/2025 में दिनांक 19 जुलाई 2025 से वांछित भी था। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## सहरसा में तबीयत बिगड़ने से सरकारी शिक्षक की मौत

### पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, हार्ट अटैक से मौत की आशंका

**सहरसा,एजेंसी।** सहरसा के सदर अस्पताल में एक सरकारी शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान महिषी प्रखंड के कुंदह गांव निवासी 53 वर्षीय तपेश्वर यादव के रूप में हुई है। शव को गुरुवार के सुबह कब्जे मे लेकर पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई मे लगी है

तपेश्वर यादव मिडिल स्कूल कुंदह में पदस्थापित थे। उनके परिवार का भरण-पोषण उनकी आय पर निर्भर था। वे चार भाइयों में दूसरे स्थान पर थे और उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो पुत्र और दो पुत्रियां शामिल हैं।

अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुँचते ही उनकी मौत हो गई।



मृतक के छोटे भाई विजय यादव ने बताया कि बुधवार रात तपेश्वर यादव की अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। अस्पताल के डॉ. राजेश ने प्रारंभिक रूप से हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

घटना की सूचना मिलने पर सहरसा सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि शिक्षक की मौत के स्पष्ट कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ पाएगी।

## पूर्णिया में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला किशोर का शव पिता बोले- जरूरी काम से घर से निकला था



**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया के के. नगर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे एक किशोर का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तस्ष्ट॥ भेज दिया है। मृतक की पहचान बिठनौली पश्चिम पंचायत के वार्ड-4 बनिया पट्टी निवासी जयकांत पासवान के बेटे अमन कुमार(16) के तौर पर हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव देखा। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जुट गई। कॉल करके पुलिस को लाश मिलने की सूचना दी गई। किशोर की मौत ट्रेन की चपेट में आने से आशंका है। हालांकि पुलिस इस दावे पर अभी कुछ भी कहने से बच रही है। घटना इस्लामपुर गांव में कबिस्तान के पास की है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज :** मृतक के पिता जयकांत पासवान ने बताया कि बेटा जरूरी काम से पूर्णिया जाने की बात कहकर घर से निकला था। अचानक फोन पर सूचना मिली कि पूर्णिया-सहरसा रेलखंड के किनारे शव मिला है। उन्हें आकर शव की शिनाख्त करनी होगी। रेलवे ट्रैक पर वो क्यों गया। ये समझ से परे है।

वहीं, इस संबंध में के. नगर थानाध्यक्ष मुन्ना पटेल ने कहा कि ये मामला संदिग्ध मौत का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असल वजह सामने आ पाएगी। पुलिस मौके से मिले सबूतों की जांच में जुटी है। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

## समस्तीपुर में फंदे से लटका मिला ड्राइवर का शव

### 4 साल पहले इंटरकास्ट लव मैरिज किया था ससुर बोले- हत्या हुई है, गांव में विवाद हुआथा

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर में संदिग्ध हालत में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। ससुर अमरनाथ पासवान ने हत्या के बाद शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

मृतक की पहचान मदारपुर छपरा गांव निवासी देवेंद्र महतो के पुत्र राहुल रंजन कुमार महतो(25) के तौर पर हुई है। चार साल पहले लव मैरिज हुई थी। घटना पूसा थाना क्षेत्र की है।

**घर में अकेला रहता था :** ससुर अमरनाथ पासवान ने बताया कि राहुल रंजन अलग कास्ट से था। चार साल पहले मेरी बेटी से सोनी कुमारी से लव मैरिज किया था। दोनों के घर की दूरी करीब 500 मीटर की होगी। दोनों बचपन से एक ही स्कूल में पढ़ते थे। दो बच्चा है। राहुल का पूरा परिवार दिल्ली में रहता है। यहां घर पर वह अकेला ही रहता था। बच्चों के साथ बेटी घर पर थी। 30 नवंबर को रात 9 बजे के बाद दामाद मेरे घर पर आया था । उसने बताया था कि गांव के ही रामजी पासवान और मलहु पासवान ने उसके साथ गाली-गलौज किया है। इस पर मैंने कहा कि इस मामले को अगले दिन निपटाया जाएगा। इसके बाद मोबाइल फेंककर गाड़ी लेकर चला गया।



रंजन कुमार, मृतक

**हत्या के बाद शव लटका दिया :** अमरनाथ पासवान ने आगे बताया कि बुधवार दोपहर को सूचना मिली कि दामाद का उसके घर में फंदे से लटका शव निला है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा। सिर पर चोट लगी थी। आशंका है कि उसकी हत्या किए जाने के बाद उसके शव को फंदे से लटकाया गया है। शादी के बाद समाज की सहमति से लड़की को विदा किया था। शादी के बाद 2-3 साल लड़की को साथ रखा। फिर कहा कि कुछ कर्ज हो गया है आप सोनी को अपने साथ रखिए। लेकिन वो यहीं पिकअप चलाने लगा। बेटी ससुराल आते-जाती रहती थी। इंटर कास्ट मैरिज के चलते भी लोग उसको बोलते थे।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज :** वहीं, इस संबंध में एएसपी संजय पांडे ने बताया कि फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिला है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है परिवार के लोगों के आरोपी की भी जांच होगी।

## आरा में इलाज के दौरान बक्सर की महिला की मौत

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** आरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बक्सर की एक महिला की मौत हो गई। एक सप्ताह पहले गैस चूल्हा पर खाना बनाते समय आग की चपेट में आने से झुलस गई थी। गंभीर हालत में परिजनों ने हॉस्पिटल के बर्न वॉर्ड में एडमिट कराया था। डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद बुधवार को उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका गीता देवी(52) ब्रह्मपुर गांव की रहने वाली थी। अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि 27 नवंबर की सुबह गीता देवी रोज की तरह रसोई में खाना पका रही थीं। इसी दौरान गैस चूल्हे में अचानक आग की लपटें उठी और वे उससे घिर गईं। जब तक परिवार के सदस्य कुछ समझ पाते, बुरी तरह झुलस चुकी थीं। ग्रामीणों की मदद से पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने आरा रेफर कर दिया।

# चैनपुर में सड़क हादसा, फुआ-भतीजे की मौत सरकारी अस्पताल के सामने पिकअप-ई-रिक्शा टक्कर में पांच घायल

**कैमूर,एजेंसी।** चैनपुर में बुधवार शाम चैनपुर सरकारी अस्पताल के सामने एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला और दो वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में पांच अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान फुआ-भतीजे के रूप में हुई है। मृतकों में भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव निवासी 40 वर्षीय मुन्नी देवी, पत्नी स्वर्गीय धर्मदेव सिंह, और दतियाव गांव निवासी गौतम पटेल के दो वर्षीय पुत्र ओम पटेल शामिल हैं। बताया गया है कि बच्चा अपनी फुआ मुन्नी देवी की गोद में था।

हादसे में अलियारी देवी, सत्यनारायण चौहान, रुखसार बानो, अंजनी देवी और हुमैरा खातून गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों



को तुरंत चैनपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया है।

सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मारी थी, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। समाजसेवी बिरजू पटेल ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और प्रशासन से मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गयाजी में सड़क हादसे में युवक की मौत

**गयाजी एजेंसी।** गयाजी में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। नेशनल हाइवे को करीब 2 घंटे तक जाम रखा। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर नहर के पास की है। मृतक की पहचान डोभी प्रखंड के लेमबोगड़ा गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र नीतीश कुमार सिंह(28) के तौर पर हुई है। मामा पप्पू सिन्हा ने बताया कि नीतीश घर से खाना लेकर मौसी के घर चंडी स्थान जा रहा था। रास्ते में अचानक एक अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## चौथम में अवैध गिट्टी लदा ट्रक बरामद



**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में गुरुवार को खनन निरीक्षक ने अवैध गिट्टी लदे एक ट्रक को जब्त किया। यह कार्रवाई वाहन चालक द्वारा वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर की गई। खनन निरीक्षक सपना कुमारी जवाहर नगर के समीप चेकिंग अभियान चला रही थीं। इसी दौरान उन्होंने गिट्टी लदे एक ट्रक को रोका और चालक से कागजात मांगे। चालक वैध दस्तावेज दिखाने में विफल रहा और वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। खनन निरीक्षक सपना कुमारी ने बताया कि कागजात न दिखाने पर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में चौथम थाना को सूचित कर वाहन उनके हवाले कर दिया जाएगा। जुर्माना जाएगा।

## परिवार नियोजन पखवाड़े पर फैसिलिटेटर एवं आशा की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** प्रखंड के इ किसान भवन के सभागार में परिवार नियोजन पकवाड़े के अंतर्गत फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ताओ की बैठक हुई. यह बैठक पानापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा जननी एवं मोबियस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी. बिसीएम परवेज रजा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर की आशा कार्यकर्ताओ को परिवार नियोजन के लाभों और इससे संबंधित स्थाई एवं अस्थाई उपायों की जानकारी को सरल और सुगम भाषा में आम जनता तक पहुँचाने के लिए प्रशिक्षित करना था. इस दौरान, कार्यकर्ताओं को बताया गया कि वे कैसे लोगों को छोटे परिवार के फायदे, बच्चों के जन्म में अंतराल रखने की आवश्यकता और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में समझा सकती हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रभावी संवाद और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया.बैठक की मध्यस्थता जननी के जिला क्षेत्र समन्वयक पवन कुमार ने की.

## भोज के दौरान युवक की बाइक चोरी, खैरा थाना में मामला दर्ज

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)**।खैरा थाना क्षेत्र के शाहपुर में तिलक समारोह के दौरान एक युवक की बाइक चोरी हो गई।तेतारपुर निवासी सुरेश राय ने थाने में आवेदन देकर बताया कि वे बाइक खड़ी कर भोज खाने गए थे,लेकिन लौटने पर बाइक गायब थी।काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की जांच की जा रही है।

## अपराधियों ने बाइक सवार पति पत्नी को धक्का दे 50 हजार रुपए से भरा बैंग छीना

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के तख्त टोला गांव में मशरक डुमरसन मुख्य सड़क पर बाइक सवार अपराधियों ने बाइक सवार पति पत्नी को धक्का देकर 50 हजार रुपए से भरा बैंग छीन लेने का मामला सामने आया। कवलपुरा गांव निवासी हरेंद्र सिंह ने बताया कि वे स्टेट बैंक चैनपुर की शाखा से 50 हजार रुपए निकाल पत्नी के बैंग में रख बाइक से पत्नी के साथ मशरक बाजार के लिए चला उसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने धक्का देकर रूपयों से भरा बैंग छीन फरार हो गए। पत्नी मामूली रूप से घायल हो गयी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी की शादी थी उसी में किराना दुकान का बकाया रूपया देने के लिए रूपया निकाला गया था। आपको बता दें कि थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में आज कल बाइक सवार अपराधियों के द्वारा छीनतई की घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। वहीं पुलिस सिर्फ जांच-पड़ताल में जुटी रह रहीं हैं।

## सोनपुर मेला में कई प्रकार के अचार लोगों को कर रहे आकर्षित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर मेला न केवल अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां के खाने-पीने के स्टॉल भी लोगों के बीच खासा आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन दिनों मेला परिसर में अचार का एक खास स्टॉल लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। इस स्टॉल पर हर स्वाद के शौकीन के लिए कुछ न कुछ खास है। इस स्टॉल पर पहुंचते ही लोगो के मुँह में पानी व मन चटपटाने लगता है.स्टॉल पर 100 प्रति किलो से लेकर 350 प्रति किलो तक के अचार उपलब्ध हैं। आम, मिर्च, नींबू, अदरक, लहसुन और कटहल,बांस के अचार जैसे कई प्रकार के अचार यहां की शोभा बढ़ा रहे हैं। स्टॉल पर मौजूद विक्रेता का कहना है कि ये अचार पूरी तरह से घरेलू विधि से तैयार किए गए हैं, जो शुद्धता और स्वाद का अद्भुत मेल पेश करते हैं। अचार के इस स्टॉल ने मेले में आए सैलानियों और स्थानीय लोगों के बीच खूब लोकप्रियता हासिल की है। खरीदारी कर रहीं हाजीपुर की एक महिला रेशमी देवी, पुरुष अनील कुमार ने बताया, यहां के अचार का स्वाद अलग ही है। हर साल मेला से खरीद कर ले जाते है. अचार के इतनी सारी वैरायटी देखकर समझ नहीं आ रहा कि इस बार कौन कौन अचार खरीदे. अचार के दाम में बढ़ोतरी से जहां 1 किलो लेते थे अबकी बार 500 ग्राम खरीदेंगे। वही दुकनदार ने बताया कि हर समानों के दामों में बढ़ोतरी होने के कारण अचार के दाम बढ़े है क्योंकि अचार के रख रखाव के लिए अच्छी क्वालिटी के समाग्री का उपयोग करते है ताकि ज़्यदा दिनों तक अचार सुरक्षित रह सके.

## मशरक में अलग-अलग जगहों पर सड़क दुघर्टना और मारपीट में दो दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में अलग-अलग गांवों से सड़क दुघर्टना और मारपीट की घटनाओं में दो दर्जन घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पहले मामले में प्रखंड स्तरीय दैनिक भास्कर पत्रकार हरिकिशोर सिंह बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। दूसरी घटना में चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार गोपालगंज जिले के शेरिया गांव निवासी बाबूलाल राय का 25 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार घायल हो गया जो पानापुर के टोटहा मलिकाना गांव से रिश्तेदारी से बाइक पर सवार होकर जा रहा था। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। तीसरे घटना में पचखंडा गांव में रिश्तेदारी में आया 9 वर्षीय अशं कुमार बाइक की टक्कर से घायल हो गया। जो इसुआपुर के केरवा गांव का रहने वाला है। पचरूखवा गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में पचरूखवा गांव निवासी 45 वर्षीय कुसुम देवी,15 वर्षीय पप्पू कुमार,18 वर्षीय काजल कुमारी और 27 वर्षीय सोनू कुमार राम,40 वर्षीय कल्याणी देवी, सोनौली निवासी 29 वर्षीय भागीरथ कुमार वं बनियापुर थाना क्षेत्र के बेरूई गांव निवासी 35 वर्षीय पुतुल देवी,38 वर्षीय संजीत कुमार घायल हो गए। घटना का विवाद छठियार में आपसी विवाद बताया गया। गंडामण गांव में मारपीट में 35 वर्षीय सोनी देवी,45 वर्षीय गीता देवी घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ नौशाद आलम में प्राथमिक उपचार किया। घटना में थाना पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की बात बताई गई।

## बाइक के वाइजर में छुपा रखा 205 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा गांव में थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाइक के वाइजर में छुपा कर रखा गया गाजा बरामद किया, वहीं गाजा बेचने के लिए लाए शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बंगरा गांव निवासी सूरज कुमार पिता प्रभु महंतों हैं। अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बंगरा गांव में बरामदे में खड़ी बाइक के वाइजर में छुपा कर रखा गया दो अलग-अलग पैकेट में 205 ग्राम गाजा बरामद किया गया। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीओ पंकज कुमार भी मौजूद रहें। अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं वहीं जांच-पड़ताल की जा रही है कि गाजा कहां से लाया गया था और कहां लें जाना था।

# सोनपुर मेले बकरी खरीदने के लिए उमड़ रही भीड़, 700 से लेकर 1500 किलो तक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर पशु मेला में अब तो गाय, भैस, बैल के बिक्री तो उतनी नहीं हो रही है जितने गाय के दाम पर बकरी की बिक्री हो रही है. ऐसे मे एक कहावत है गरीबो के लिए गाय के समान है बकरी। मेले मे आये गरीब परिवार के लोग बकरी खरीदने के लिए पहुँच रहे है इसका मुख्य कारण इस मेले में विभिन्न नस्ल की बकरियां मिलती है जिसके लेकर राज्य के कोने-कोने से आने वाले बकरी पालन उसे खरीदते हैं। पशु पालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि मेले में अच्छी नस्ल की बकरियां जमुना परी है । इसे तोता परी भी कहते हैं । बकरियां विभिन्न नशल के होती है जिसमे बिटल, बरबरी, ब्लैक बंगाल, सिरोही, जमुनापारी, देशी बकरियां के अलावा अन्य नशल के बकरियां होती है । पशु पालन विभाग के डॉ दीपक कुमार ने बताया सोनपुर मेले में सबसे ज्यादा जमुनापरी बकरी देखने को मिल रही है जो प्रतिदिन 2 से 3 किलो तक दूध करती है। यह बकरिया मेले में बेचने के लिए आई हुई है । छोटे -छोटे किसान या गरीब तब के प्रायः बकरी पालन करते हैं । पशुधन में बकरी एक ऐसा जानवर पशु है जो कि मुसीबतों के हालत में जीवन यापन करके मुनाफा कमाता है । बकरियां से पैसे एवं उसके मांस भी कीमती में बिकती है । बकरी को बेचकर विपरीत समस्या का भी समाधान बकरी पालन करने वाले कराती है। बकरी पालन में सरकार द्वारा भी अनुदान मिलती है । यह योजना 38 जिलों मे चल रही है । बकरी के दूध को हर उम्र के लोग बच्चे बूढ़े बीमार व्यक्ति के लिए ज्यादा से ज्यादा समुचित है। इसके दूध में उपलब्ध प्रोटीन में लैक्ट्रोपेरॉक्साइसें नामक तत्व पाया जाता है जो कि बहुत सारे बीमारियों में मनुष्य का बचाव कर सकता है । बकरी का दूध में उपलब्ध इलेक्ट्रोंस शरीर में शक्ति प्रदान करता है । उन्होंने बताया कि बकरी पालन करने के दौरान कई तरह के सावधानी बरतने की जरूरत है जिसमें बकरियों में सबसे ज्यादा जन्म के 15 दिन से एक महीना के अंदर निमोनिया दस्त ,काकसीडियोसिस के अलावा अनेक बीमारियां होती है जो जानलेवा होती है इसे बच्चे में ही बकरिया की मौत हो जाती है । बकरी पालन करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है । सोनपुर मेले में दुधारू बकरी के दाम लगातार बढ़ रही है मेले के उद्घाटन के पहले 600 में प्रतिकीलों के दर से बकरी बिक्री रही थी जो अब अच्छे नशल के बकरी मेला के समापन के जैसे जैसे नजदीक. आ रही वैसे वैसे 800 से 1500 किलो के भाव से बकरिया प्रतिकीलों के भाव से बिक रही है। अच्छी नशल के एक बकरी का वजन 15 से 30 किलो की रहती है. बकरी के दामों मे बढ़ोतरी का इसका मुख्य कारण है कई जिले में डेंगू का प्रकोप है जिसमें बकरी का दूध का काफी माँग है और बकरी के दूध 800 से 1200 किलो के भाव से बिक रही है जिसके लिए ज्यादा दूध देने वाली अच्छी नस्ल के बकरी की तलाश में लोग सोनपुर मेला आ रहे हैं। डॉ दीपक कुमार ने बताया कि डेंगू के बीमारी में बकरी के दूध काफी लाभप्रद होती है । इसके सेवन करने से डेंगू के जो विष है उस बिष को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाता है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कौरूधौरू का बीडीओ ने की जांच

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखंड के कौरूधौरू उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मिड डे मील को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद मांझी के बीडीओ उपेंद्र दास ने गुरुवार को विद्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। बीडीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी कर उसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। बताते चलें कि बुधवार को विद्यालय की दर्जनों छात्र-छात्राएं बीडीओ के कार्यालय पहुंचे थे तथा आवेदन देकर यह आरोप लगाया था कि मिड डे मील योजना के तहत विद्यालय में सड़ा-गला भोजन परोसा जा रहा है तथा खाने से इनकार करने पर प्रधानाध्यापक द्वारा बेरहमी से मारपीट और भद्दी भद्दी गाली दी जाती है। प्रधानाध्यापक शहनवाज खान ने बताया है कि प्रभार को लेकर उतपन्न विवाद की वजह से एक शिक्षक द्वारा छात्रों को उकसाकर भड़काया जा रहा है।

## छोटी-छोटी घटनाओं पर विशेष नजर बनाए रखने के इंस्पेक्टर ने दिए निर्देश



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय परिसर में गुरुवार को अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें इंस्पेक्टर इंद्रदेव महंतों ने मशरक के अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल, इसुआपुर थानाध्यक्ष कमल राम,पानापुर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, तरैया थानाध्यक्ष धीरज कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिसमें अपराधों को रोकने के लिए पैदल गस्त एवं पिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। बीट व्यवस्था प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाय। लूट की घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व में संलिप्त रहे अपराधियों का अभियान चलाकर सत्यापन किया जाय तथा उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जाय। जमीन सम्बन्धी विवादों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मौके का भ्रमण कर समाधान कराया जाय। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पांच दिवस में अवश्य कर लिया जाय। महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाय। वहीं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गस्त की विशेष व्यवस्था रखनें और सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनायें रखें तथा अफवाहों का खंडन अतिशीघ्र करें। संगठित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें। इंस्पेक्टर इंद्रजीत महंतों ने अपराध एवं कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की। साथ ही अंचल में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

# नायगांव में शहीद राजेंद्र सिंह की मनायी गई 101वीं जयंती

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नयागांव रेलवे स्टेशन परिसर में शहीद राजेन्द्र सिंह जी के 101 वीं जयंती गुरुवार को मनायी गयी। समारोह के उद्घाटन कर्ता बिहार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष साह बिहार सरकार के उधोग मंत्री दिलीप जयसवाल, सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह ने सर्व प्रथम शहीद राजेंद्र सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया तत्पश्चात संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस वीर शहीद के जयंती के मौके पर भाजपा प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल,डॉ पंकज कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, रवि रंजन सिंह, चंदेश्वर भारती, अभय सिंह, मुकेश सिंह, आदित्य कुमार,सहित दर्जनों गणमान्य लोगो ने उनके प्रतिमा पर मल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला । इस मौके पर उधोग मंत्री दिलीप जयसवाल ने उपस्थित जन समुह को संबोधित करते हुए कहा कि यह धरती धर्म, कर्म, शहीदों के धरती है. शहीद




राजेंद्र सिंह जी के माता पिता महान थे जिन्होने देश के सच्चे सपूत को जन्म दिया। नयागाव रेलवे स्टेशन का नमाकरण शहीद राजेंद्र सिंह के नाम हों इसके लिए लोगो ने मंत्री से माँग की,जहां मंत्री ने माँग को पूर्ण होने का आश्वासन दिए । अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सोनपुर की जितनी भी जन समस्या या विकासनत्मक कार्य है उस समस्या का समाधान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व गृहमंत्री सहित अन्य मंत्री के सहयोग व दिशा निर्देश के अनुसार किया जाएगा इसके लिए हमलोग प्रयासरत है। वही स्थानीय विधायक विनय कुमार सिंह ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीद राजेंद्र सिंह के नाम पर स्टेशन के नाम हों इसके अलावे सभी छोटे - बडे मांग को पूर्ण करने का भरोसा देते हुए उन्होंने कहा कि शहीद राजेंद्र सिंह का जन्म 4 दिसम्बर 1924 को सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत स्थित बनवारी चकगांव में किसान शिवनारायण सिँह एवं माँ जीरा देवी के घर में जन्म हुआ था।उनकी शादी सुरेश देवी के साथ हुई थी। अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में युवा राजेन्द्र सिंह भी कूद पड़े। उस समय उनकी उम्र करीब 18 वर्ष की थी। उतने कम उम्र में ही पटना सचिवालय पर तिरंगा झंडा फहराने के दौरान 11 अगस्त 1942 को पटना स्थित सचिवालय पर तिरंगा फहराने के क्रम मे अंग्रेजो ने विरोध करते हुए तवातोड़ गोली चलाई जिसमे सात शहीदों ने तिरंगा झंडा को झुकने नहीं दी और भारत माता के लिए अपनी जान कुर्बान कर दिए। कार्यक्रम का संचालन बिषणु तिवारी ने किया।

## पीएमश्री विद्यालय कोंध भगवानपुर के बच्चों ने आठ माह बाद चखा एमडीएम का स्वाद

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** प्रखंड के पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय कोंध भगवानपुर में नामांकित वर्ग छह से आठ तक के बच्चों ने गुरुवार को पहली बार एमडीएम का स्वाद चखा. बच्चों के साथ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रामाशंकर प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने भी भोजन ग्रहण किया. मालूम हो कि वर्ष 2025-26 में यह विद्यालय पीएमश्री विद्यालय के रूप में चयनित हुआ था जिस कारण निकटवर्ती उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोंध में नामांकित छह से आठ वर्ग के बच्चों का समायोजन इस विद्यालय में कर दिया गया था. अप्रैल 2025 से बच्चों की पढ़ाई चल रही थी लेकिन बर्तन की अनुपलब्धता एवं रसोईयों की बहाली नहीं होने के कारण बच्चों



को भोजन नहीं मिल रहा था. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि विभाग से बर्तन मिलने के बाद तीन रसोईयों की बहाली की गयी हैं. गुरुवार से एमडीएम की शुरुआत की गयी हैं. बच्चों को अब मेंन्यु के अनुसार भोजन मिलेगा. आठ माह बाद भोजन मिलने पर विद्यालय के बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे. इस मौके पर अभिषेक कुमार सिंह, राकेश कुमार, मिथिलेश ठाकुर, राजशेखर तिवारी, विनय कुमार यादव, विनोद कुमार प्रभाकर, सुबोध कुमार सिंह, अयाज अहमद, संजीव कुमार सिंह, आफताब आलम, राकेश कुमार, संजय कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे.

## अतिक्रमण खिलाफ तरैया में भी प्रशासन का चलेगा बुलडोजर, दी गई हिदायत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए स्थानीय प्रशासन सख्त हो गई। गुरुवार को तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने तरैया बाजार पर के विभिन्न सड़कों पर माइकिंग कर सड़क किनारे अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। सीओ ने सभी अतिक्रमणकारियों को दो दिन की मोहलत दी और कहा कि यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो पुलिस की मदद से बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ




दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। सीओं पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार से तरैया बाजार और चौक-चौराहों में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम जनहित में है, क्योंकि अतिक्रमण के कारण बाजार में लगातार जाम लग रहा है और लोगों को परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया गया था। कार्रवाई के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, इसलिए इस बार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर लोग अपने से अतिक्रमित जगह को खाली कर दे रहे हैं तो ठीक है अन्यथा पुलिस के सहयोग से अतिक्रमणकारियों पर दण्डनात्मक कार्रवाई की जाएंगी।

## वरीय कर्मचारी के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ परसा( सारण)**।परसा स्थित प्रभुनाथ महाविद्यालय में कार्यरत वरीय कर्मचारी पूर्णानंद मिश्रा का जेपी यूनिवर्सिटी छपरा में स्थानांतरण होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रचार्य संजय सिंह प्रो संजय कुमार राय,शशिकांत,अशोक कुमार रामशंकर दास रामजी प्रसाद सहित सभी शिक्षकगण व कर्मचारियों ने पूर्णानंद मिश्रा को पुष्पमाला,व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की श्री पूर्णानन्द मिश्रा पी एन कॉलेज परसा से स्थानान्तरण जे पी यूनिवर्सिटी छपरा स्थापना विभाग में कुलसचिव जे पी यूनिवर्सिटी छपरा के द्वारा किया गया। जिसको लेकर महाविद्यालय के कर्मचारी और प्राचार्य के द्वारा मिश्रा के विदाई में सॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। और उनके उज्ज्वल भविष्य का कमना किया गया।

प्राचार्य डॉ संजय सिंह, डॉ संजय कुमार राय, शशिकांत, अशोक कुमार, रामशंकर दास, रामजी प्रसाद आदि।

## पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नवल किशोर मिश्रा के निधन पर शोक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगो ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। वही इस शोक सभा मे वर्तमान विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान डॉ आशा रानी ने कहा कि दिवंगत प्रो मिश्रा का इस विभागीय परिवार को संगठित करने में अपूर्व योगदान रहा है इस स्वतंत्र विभाग की स्थापना 26 दिसम्बर 2008 को हुई थी उस समय से अपने सेवा काल के समाप्ति तक विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने मनोविज्ञान विभाग को एक नई दिशा प्रदान की विभाग से जुड़ी सारी कठिनाइयो एवम चुनौतियो को कैसे सुलझाया जाय इस दिशा में उन्होंने हम सभी को अपूर्व मार्गदर्शन दिया इनके द्वारा स्थापित शैक्षणिक एवम प्रशासनिक मापदंडों पर हम सभी आज भी चल रहे है उनके निधन से मनोविज्ञान विभाग को अपूर्णीय क्षति हुई है हम सभी उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते है और उनके आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है। वही इस शोक सभा मे डॉ पूनम सिंह, प्रो अमरनाथ प्रसाद प्रो उषा कुमारी,प्रो गजेंद्र कुमार,प्रो विवेक तिवारी, प्रो. डॉ अब्दुल रहीम सफी, तपस्या कुणाल कुमार साथ ही मनोविज्ञान विभाग के रिसर्च स्कॉलर अली इमाम,फिरोज अंसारी, मनोरंजन पाठक सहित दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सात वर्षीय बालक की दाहा नदी में डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के रनपट्टी गांव में बुधवार की देर शाम अपनी बड़ी बहन के साथ खेल रहे एक सात वर्षीय बालक की दाहा नदी में डूबने की वजह से मौत हो गई। मृतक रनपट्टी गांव निवासी साहेब महतो का सात वर्षीय पुत्र अनुराग कुमार बताया जाता है। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद गुरुवार की सुबह डूबे बालक का शव बरामद कर लिया गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अनुराग अपनी बड़ी बहन के साथ नदी के किनारे खेल रहा था इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने रातभर टॉर्च और नाव की मदद से शव की खोजबीन की लेकिन अंधेरा होने के कारण शव को ढूंढा नही जा सका। सूचना मिलने पर मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार में उसके माता पिता के अलावा एक बड़ी बहन तथा छोटा भाई भी है।

## दरियापुर बीससूत्री अध्यक्ष का नेम प्लेट हटने पर मामला तूल पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** दरियापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के कार्यालय और जदयू प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष के कार्यालय के सामने लगे नेम प्लेट हटाए जाने का मामला अब धीरे धीरे राजनीतिक व सामाजिक गलियारों में तूल पकड़ता दिख रहा है। जदयू कार्यकर्ताओ व बुद्धिजीवियों में इस कदम को लेकर गहरी नराजगी है । वही पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बावत जदयू प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कड़ा विरोध जताते हुए प्रशासन पर सवाल उठाया है ।और जदयू के प्रदेश व जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों से शिकायत करते हुए उचित करवाई की मांग की है।बताते चले कि चुनाव आचार संहिता के दौरान बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के कार्यालय का दीवार पर लिखा गया नाम प्रशासन द्वारा हटाया गया। वही जदयू प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष के कार्यालय के सामने लगे नेम प्लेट को भी हटा दिया गया था।

## मारपीट कर गहने छीनने के मामले में देवर-भाभी नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बल्ली टोले हतवा निवासी सीमा कुमारी ने थाने में आवेदन देकर देवर- भाभी को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि एक दिसंबर को मेरी बड़ी गोतनी उषा देवी एवं देवर जितेंद्र यादव ने मिलकर मेरा मंगलसूत्र एवं मेरी छोटी गोतनी काजल देवी को मारपीट कर उसका सभी गहना छीन लिए। जब मैं और मेरे ससुर बचाव करने गए तो जितेंद्र यादव ब्लेड से प्रहार कर मुझे घायल कर दिया तथा धमकी देते हुए भाग गया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि इस मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल

**आंदर (सिवान)।** असांव थाना की पुलिस ने गुरुवार की सुबह दरौली क्षेत्र के काशीला बगीचा में छापेमारी कर 12.6 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुमित राज ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान कशीला निवासी रितेश कुमार सिंह उर्फ बुध सिंह के रूप में हुई है।

## जीविका भवन से पानी मोटर की चोरी

**पचरुखी (सिवान)** प्रखंड परिसर स्थित जीविका भवन से पानी के मोटर चोरी अज्ञात चोरों द्वारा 30 नवंबर की रात कर ली गई है। इस मामले में जीविका अधिकार केंद्र पचरुखी की कोआर्डिनेटर अर्चना कुमारी ने बुधवार को पचरुखी थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उसने बताया कि चोरी की जानकारी एक दिसंबर को हुई। इस मामले में पुलिस पदाधिकारी चंद्रलोक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, जांच शुरू कर दी गई है।

## ब्लड सेंटर का शुभारंभ कल, जिलाधिकारी करेंगे उद्घाटन

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड चिंतामनपुर स्थित ममता मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल छह दिसंबर को नवस्थापित ब्लड सेंटर का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित किया गया है। ब्लड सेंटर का उद्घाटन जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश करेंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन सहित जिले के कई वरिष्ठ चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्तिय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ब्लड सेंटर की सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों, रक्त संग्रह एवं सुरक्षित भंडारण की प्रक्रिया साथ ही जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस ब्लड सेंटर के शुरू होने से सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर आपरेशन, प्रसूति मामलों तथा थैलेसीमिया जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जिले के लिए एक वरदान बताया।

## सांसद ने वित्त मंत्री से मिलकर क्षेत्र में बैंक के ब्रांच खोलने की मांग की

**महाराजगंज (सिवान)।** सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बैंकों के ब्रांच को खोलने के लिए ज्ञापन सौंपा। सांसद ने वित्त मंत्री से कहा कि क्षेत्र के बहुत से मुख्य बाजार ऐसे हैं जहां आज भी बैंक के ब्रांच नहीं हैं, इस कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। उन्हें काफी दूरी तय कर बैंकों में जाना पड़ता है। सांसद ने वित्त मंत्री से कहा कि कुछ जगह पर बैंकों में जो सुविधा की कमी है उसे बढ़ाया जाए। वित्त मंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया कि उनके ज्ञापन का शीघ्र अमल किया जाएगा। वित्त मंत्रालय की टीम उक्त क्षेत्र में जाएगी। जयंती को मेधा दिवस के रूप में मनाने की मांग की। सांसद ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से संसद भवन के कार्यालय में मिलकर देश के तीन दिसंबर को प्रथम राष्टपति देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती को ÷मेधा दिवस÷ के रूप में मनाने तथा इस तिथि पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करने की मांग की, क्योंकि डा. राजेंद्र प्रसाद की मेधा विश्व विख्यात रही है। इसलिए जन-भावनाओं के मद्देनजर उनके जन्म दिन तीन दिसंबर को ÷मेधा दिवस÷ के रूप में सरकारी स्तर पर मनाया जाना अतिआवश्यक है।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**सिसवन (सिवान)।** अचानक बढ़ी ठंड से आम जन परेशान हैं। इसको देखते हुए चैनपुर बाजार में समाजसेवी मुरारी पांडेय ने बुधवार की शाम गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। समाजसेवी ने गरीबों का दर्द समझ सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियति में शामिल है। इस मौके पर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

## मारपीट में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बलहा अलीमर्दनपुर गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट के मामले में बुधवार को एक पक्ष द्वारा प्राथमिकी कराई गई है। इस संबंध में इबरार अली ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही मफूज आलम, मकसूद अली, सजाद अली एवं सैफ अली पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की छानबीन कर रही है।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 27 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में छह, शराब के कांड में 18, हत्या का प्रयास में तीन गिरफ्तारी की गई। वहीं 638.6 लीटर देशी शराब व 342.72 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि दस शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं 55 वारंट व 28 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से एक लाख 45 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं दो पहिया वाहन तीन, तीन पहिया वाहन दो, गुड़ 30 किग्रा, शराब बनाने वाला तांबा का बर्तन एक, दो मोबाइल व अन्य सामान को बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

## एक दर्जन से अधिक मामलों की एसपी ने की सुनवाई

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें एक दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 50 फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात आसड़ गांव मे छापेमारी कर पूर्व के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उमेश यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

# अलग-अलग जगहों से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो अलग-अलग जगहों से शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्करों को गुरुवार की देर शाम पूछताछ के बाद जेल भेज दिया, जबकि दो वाहनों को जब्त कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजेंद्र चौक होते हुए एक स्कार्पियों में शराब की भारी खेप लाई जा रही है। सूचना पर उत्पाद थाना के एएसआइ कृष्णा पासवान ने जांच शुरू की। जांच के दौरान राजेंद्र चौक के पास से एक स्कार्पियों आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस बल की मदद से गाड़ी को पकड़ लिया गया। जांच के दौरान स्कार्पियों से 612.000 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। उस वक्त गाड़ी में दो तस्कर सवार थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार हरियाणा सोनीपत जिला के खरसौदा थाना क्षेत्र के खरखौदा निवासी जगफूल सैनी व प्रवीण है। इसके बाद स्कार्पियों को जब्त कर लिया गया। बताया कि दोनों तस्कर से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर अन्य की जांच हो रही है। वहीं एक अन्य छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा नहर पुल के पास की गई। गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से शराब आ रही है। जहां जांच के दौरान एक कार से 477 लीटर विदेसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हरियाणा सोनीपत जिला के खरखोदा थाना क्षेत्र के खरखोदा वार्ड नंबर सात निवासी यश है।

## दिव्यांगों के बीच बैट्री चालित ट्राइसाइकिल व मुख्यमंत्री विवाह प्रोत्साहन राशि मिलने से खुशी

**आंदर (सिवान)।** देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती एवं सिवान जिला का 53वां स्थापना दिवस पर गांधी मैदान सिवान में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान दरौली प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के कुल 15 महिला एवं पुरुष दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसके साथ ही दोन पंचायत के विभिन्न वार्डो के लाभुक मार्जिन खातून, राजू कुमार मांझी, चांदनी खातून, राहुल कुमार यादव और अनीता कुमारी राम को मुख्यमंत्री विवाह दिव्यांग प्रोत्साहन राशि योजना के तहत प्रति लाभुक एक लाख रुपये का चेक वितरित किया गया। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन सिवान, दरौली प्रखंड विकास पदाधिकारी शिखा दीप्ति, अंचलाधिकारी विद्याभूषण कुमार भारती, श्रम संसाधन पदाधिकारी राज हिमांशु, पंचायती राज पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, पंचायत सचिव चिंटू कुमार मिश्रा, नाजिर, अकाउंटेंट तथा राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार पाल सहित सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लाभुकों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल व मुख्यमंत्री विवाह प्रोत्साहन राशि मिलने से खुशी देखी गई।

## बोलेरो व ट्रक की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल, रेफर

**गुठनी (सिवान)।** दरौली- गुठनी मुख्य मार्ग पर सेलौर गांव के समीप बुधवार देर रात सड़क किनारे खड़े ट्रक में बोलेरो के टकराने से बोलेरो में सवार चार लोग घायल हो गए। ट्रक में बोलेरो के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया तथा पुलिस को सूचना दी। वहीं घायलों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान मउ जिला के सराय गणेश थाना क्षेत्र के रसरी निवासी धर्मेंद्र सिंह की पुत्री ज्योति सिंह ( 13 ), रामानुज सिंह के पुत्र अमरेश सिंह उर्फ विक्की सिंह ( 50 ), अरमेश सिंह की पुत्री सौम्या ( 11 ), चालक बृजेश राम ( 45 ) शामिल हैं। घायलों को स्वजन बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल अस्पताल लेकर चल गए हैं।

## क्रिएटर मीट-अप एवं रील प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिवान।** साईं हास्पिटल द्वारा क्रिएटर मीट-अप एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्रिएटर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना एवं इंटरनेट मीडिया क्रिएशन के माध्यम से सकारात्मक संदेशों के प्रसार को बढ़ावा देना था। मंगलवार को डाक्टर रामेश्वर सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, सोसाइटी हेल्पर ग्रुप के संस्थापक अनमोल कुमार द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। पहला स्थान प्राप्त करने वाले प्रिंस की रंजना को 50 हजार की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। दूसरा स्थान हासिल करने वाले केडी को 25 हजार व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले एमडी अयूब को दस हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। बताया कि इसके अलावा चौथे स्थान पर रहे ज़ुल्फ़िकार को पांच हजार तथा पांचवें स्थान पर रहे राम विलास को भी पांच हजार की पुरस्कार राशि दी गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे, जिनसे स्थानीय युवाओं और कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहेगा। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग, डाक्टर, यूट्यूबर्स तथा इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर्स उपस्थित रहे। अंत में सभी विजेता क्रिएटर्स को सम्मान पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मैरवा यार्ड में प्वाइंट व क्रासिंग के बदले जाने हेतु लिए जाएगा यातायात ब्लाक

**सिवान।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मैरवा यार्ड में प्वाइंट एवं क्रासिंग के बदले जाने हेतु यातायात ब्लाक लिए जाएगा। इस कारण गाड़ियों निरस्तीकरण व मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि निरस्तीकरण में गोरखपुर एवं छपरा से 07, 10, 13 एवं 16 दिसंबर को चलने वाली 55056/55055 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। बताया कि मार्ग परिवर्तन में नई दिल्ली से 06, 09, 12 एवं 15 दिसंबर को चलने वाली 04454 नई दिल्ली-मानसी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सिवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-थावे-सिवान के रास्ते चलाई जाएगी। गोरखपुर से 07 एवं 16 दिसंबर को चलने वाली 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सिवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-थावे-सिवान के रास्ते चलाई जाएगी। अमृतसर से 09 दिसंबर को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-भटनी-सिवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-थावे-सिवान के रास्ते चलाई जाएगी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात घायल

**सिवान।** जिले के अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पहली घटना असांव थाना क्षेत्र के तियांय में तीन दिसंबर की रात दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान दोन निवासी पवन कुमार, अभिनव कुमार व आंदर थाना क्षेत्र के गाय घाट निवासी अतुल साह व गणेश कुमार के रूप में हुई है। दोनों बाइक की आमने-सामने की टक्कर हुई है। दूसरी घटना हुसैनगंज के छपियां स्थित सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर कार की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चेनपुर निवासी मंजू देवी, विनोद कुमार व ललन राय के रूप में हुई। ये तीनों एक बाइक पर सवार होकर शहर आ रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी इसमें तीनों घायल हो गए।

## ब्लाक लेने के कारण गाड़ियों का होगा मार्ग परिवर्तन

**सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री की सुविधा हेतु वाराणसी मंडल के देवरिया सदर स्टेशन पर बनाए जा रहे पैदल उपरिगामी पुल के 12 मीटर चौड़े गर्डर की लांचिंग हेतु ब्लाक लिया जाएगा। इस कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर चलाया जाएगा। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि दरभंगा से 06 दिसंबर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जाएगी। बरौनी से 06 दिसंबर को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सिवान-थावे-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जाएगी। मथुरा जंक्शन से आठ दिसंबर को चलने वाली 15110 मथुरा जंक्शन-छपरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कप्तानगंज-थावे-सिवान के रास्ते चलाई जाएगी। यात्री की सुविधा हेतु इन गाड़ियों का दो मिनट का अस्थाई ठहराव कप्तानगंज एवं थावे स्टेशनों पर प्रदान किया जाएगा।

# मुखिया की हत्या के दूसरे दिन पंचायत में पसरा रहा सन्नाटा

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के गोपी पतियांव निवासी व गोपी पतियांव पंचायत के मुखिया रांधा साह की गोली मारकर की गई हत्या के दूसरे दिन पूरे पंचायत में सन्नाटा पसरा रहा। मृतक के घर से रुक- रुककर रोने बिलखने की आवाजें आ रही थी। हर कोई इस हृदयविदारक घटना से हतप्रभ था। वहीं शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद गुरुवार की सुबह पैतृक गांव लाया गया, शव गांव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। उसका शव का दाह संस्कार नरहन स्थित सरयू घाट पर किया गया। मुखिया की हत्या के बाद पूरे पंचायत के लोगों में मायूसी छाई हुई है। मुखिया रांधा साह दो भाई व तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थे। मुखिया को छोड़ सभी की शादी हो चुकी है। बता दें कि गोपी पतियांव के मुखिया रांधा कुमार साह को बुधवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने रघुनाथपुर थाने ने फुलवरिया मोड़ के समीप गोली मार कर हत्या कर दी थी। मुखिया गांव के ही जयप्रकाश सिंह की पत्नी सुभवती देवी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद नरहर स्थित सरयू घाट पर दाह संस्कार कर बाइक से लौट रहे थे तभी बदमाशों ने फुलवरिया मोड़ पर घटना को अंजाम दिया। समाचार लिखे जाने तक अभी तक हत्या मामले में थाने में प्राथमिकी नहीं हुई थी। पुलिस का कहना था कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी, सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट द्वारा गाड़ी संख्या 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस के कोच संख्या बी टू में आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान एक शराब तस्कर को अपने पास रखे ट्राली बैग से 34 बोतल अंग्रेजी शराब को बरामद कर लिया। आगे की कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति सारण जिला के अमनौर निवासी आनंद कुमार सिंह है।

# मुनमुन की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड क्षेत्र के कौड़ियां वैश्य टोली निवासी भरत सिंह के छोटे पुत्र मुनमुन सिंह की गोरखपुर आने के क्रम में बस में ही मौत की सूचना मिलते ही घर व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना के बाद स्वजन बुधवार की देर रात ही गोरखपुर रवाना हो गए। गुरुवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार मुनमुन सिंह नागपुर में ही कंस्ट्रक्शन कंपनी से जुड़े थे। ब्रेन हेमरेज होने के बाद इलाज के लिए स्वजन गोरखपुर आने की सलाह दिए थे। जुलाई महीने में गांव में हुए घटना के बाद गंभीर रूप से घायल भतीजे रौशन का इलाज गोरखपुर में ही हुआ था। अब भी उसका इलाज चल ही रहा है। रौशन एक अन्य स्वजन के साथ चाचा मुनमुन सिंह को रिसीव करने के लिए गोरखपुर चला गया था। इधर नागपुर से बस में सवार मुनमुन सिंह की मौत रास्ते में बस में ही हो गई थी। मुनमुन की पत्नी हिना व इकलौती बेटी इसनी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। घर पहुंच सांत्वना देने वालों का तांता लगा है। मुनमुनी की मौत पर ग्रामीण प्रभात सिंह , मलमलिया निवासी अनिल सिंह, मनोज सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

